पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी

लखनऊ : 01 अप्रैल, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भारतीय प्रतिपदा नवसंवत्सर 2079, नवरात्रि एवं चेटीचंद जयंती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारतीय काल गणना के अनुसार प्रतिपदा नवसंवत्सर के दिन ही सृष्टि की रचना हुई थी। इस दिन से ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्र आरम्भ होते हैं। इस पर्व को हम सभी देशवासी शक्ति उपासना के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि नये वर्ष में हम सभी को संकल्प लेना चाहिये कि हम अपनी सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (180/1)
सम्पर्क सूत्र 9453005360